राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

दिनांकः– 16.11.2026

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र भरने के संबंध में

माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा, 2025 के अंतर्गत **विज्ञान, संस्कृत, गणित, उर्दू एवं अंग्रेजी विषय** हेतु आयोग द्वारा जारी विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जाँच हेतु ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरे जाने की अवधि का विवरण निम्नानुसार है–

क्र. सं.	विषय	विचारित सूची जारी होने की दिनांक	विस्तृत आवेदन पत्र भरने की अवधि दिनांक
01	विज्ञान	16.10.2026	24.10.2026 से 30.10.2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)
02	संस्कृत	23.10.2026	29.10.2026 से 04.11.2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)
03	उर्दू	27.10.2026	31.10.2026 से 06.11.2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)
04	अंग्रेजी	27.10.2026	31.10.2026 से 06.11.2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)
05	गणित	28.10.2026	03.11.2026 से 09.11.2026 (रात्रि 11:59 बजे तक)

उक्त 05 विषयों में विज्ञान के 06, संस्कृत के 23, गणित के 22, उर्दू के 06 एवं अंग्रेजी के 124 अभ्यर्थियों द्वारा उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरकर आयोग को प्रस्तुत नहीं किया गया हैं जिसके अभाव में ऐसे अभ्यर्थियों की पात्रता जांच किया जाना संभव नहीं है। आयोग द्वारा इस प्रेस नोट के माध्यम से ऐसे अभ्यर्थियों को अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने हेतु द्वितीय अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि वे **अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र दिनांक 19.11.2026 से 23.11.2026 (रात्रि 11:59) तक भरकर आयोग को आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।**

अतः उक्तानुसार अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र समयान्तर्गत भरना सुनिश्चित करें अन्यथा ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा ना ही ऐसे अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में विचारित किया जायेगा। उक्त अभ्यर्थियों को इस संबंध में उनके मोबाइल नं. पर जरिये एस.एम.एस सूचित किया जा रहा है।

(आशुतोष गुप्ता)
सचिव